बरेली, रविवार
2 नवंबर, 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 16+4+4=24

दैनिक जागरण inext

PAGE NO, 04, MIDDLE

# स्टूडेंट्स को नए आपराधिक कानून की दी जानकारी

bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (1 Nov):** पुलिस विभाग की ओर से 'नए आपराधिक कानून के प्रति जागरुकता अभियान' शीर्षक से शनिवार को एसआरएमएस कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी में कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में एएसपी शिवम आशुतोष और भोजीपुरा एसएचओ प्रवीन सोलंकी ने नए आपराधिक कानूनों से संबंधित जानकारियां विद्यार्थियों के साथ साझा कीं.

## कानून में बदलाव को समझा

इसमें छात्रों को कानून में हुए बदलावों, उनकी उपयोगिता और आम नागरिकों की जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से बताया. छात्रों ने महिला सुरक्षा, चोरी, साइबर अपराध, सामाजिक अपराधों की रोकथाम आदि विषयों पर प्रश्न पूछे. संचालन आइटी चतुर्थ वर्ष की छात्रा रिया अग्रवाल ने किया. इस दौरान प्राचार्य प्रभाकर गुप्ता, डीएसडब्ल्यू डा. सौरभ गुप्ता आदि उपस्थित रहे.